**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित डॉ0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0-32 का उत्तर ।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 32 (क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश शासन के आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-9 के पत्रांक संख्या-37/01 समिति/आठ-9-2024 दिनांक 03 जनवरी, 2024 के माध्यम से जनपद-लखनऊ के सार्वजनिक पार्कों का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के संबंध में उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण को पत्र प्रेषित किया गया है? | जी, हाँ। |
| (ख) | यदि हाँ, तो उक्त शासकीय पत्र में किये गये अनुरोध पर कार्यवाही करा दी गयी है? | आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-9 के पत्रांक संख्या-37/01समिति/आठ- 9-2024 दिनांक 03 जनवरी, 2024 के क्रम में गोमती नगर विस्तार सेक्टर-6 के अन्तर्गत 13 पार्कों के मरम्मत, पेन्टिंग, पाथवे, बेंच, झूला, बोरिंग एवं औद्यानिक अनुरक्षण (अवधि 02 वर्ष) कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गयी है, जिसकी तकनीकी स्वीकृति दिनांक 12.12.2024 को सक्षम स्तर से प्राप्त है। जनपद-लखनऊ के समस्त सार्वजनिक पार्क लखनऊ विकास प्राधिकरण के क्षेत्रान्तर्गत नहीं आते हैं। प्राधिकरण के अन्तर्गत आने वाले पार्कों का ही सौन्दर्यीकरण, विकास एवं अनुरक्षण का कार्य प्राधिकरण द्वारा कराया जाता है। |
| (ग) | यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण है और कब तक लखनऊ के सार्वजनिक पार्कों का सौन्दर्यीकरण करा दिया जायेगा? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) | क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ङ) | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री ।